# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला–दुर्ग

**प्रधानमंत्री आवास योजना – सबके लिए आवास मिशन (शहरी)**

क्र./प्रधानमंत्री आ.यो./मु.कार्या/अन्य/2025/ 276 भिलाई दिनांक 25/6/2025

प्रति,

जनसम्पर्क अधिकारी,
नगर पालिक निगम
भिलाई

विषय :– प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशन बाबत्।

**//प्रेस विज्ञप्ति//**

दिनांक 24.06.2025 की बैठक में आयुक्त महोदय से प्राप्त निर्देशों के पालन मे प्रधानमंत्री आवास योजना के "मोर मकान मोर आस" के घटक में नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत निर्मित आवासों के आबंटन हेतु किरायेदारी के रुप में निवासरत् वरिष्ठ नागरिकजन एवं दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर पात्रता संबंधी सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर भूतल पर आवास आबंटन किया जाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास आबंटन हेतु जिन आवेदकों के द्वारा विधिवत् आवेदन पत्र भरकर पात्रता संबंधी दस्तावेज संलग्न कर नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना के काउन्टर कक्ष क्र. 16 में जमा किये है, उन्हें इस समाचार के माध्यम से सूचीत किया जाता है, कि दिनांक 01.07.2025 तक निगम कार्यालय में उपस्थित होकर आवास आबंटन के कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत निगम कोष में जमा करें ताकि दिनांक 03.07.2025 को होने वाली लॉटरी प्रक्रिया में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जावेगा।

इस समाचार को सूचना मानकर संबंधित आवेदक निगम कार्यालय में उपस्थित होकर 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा कर दिनांक 03.07.2025 को आवास आबंटन प्राप्त करें।

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन किये जाने हेतु फोटोग्राफ संलग्न कर आपकी ओर सादर प्रेषित है।

25/6/2025

**प्रभारी अधिकारी योजना**
**प्रधानमंत्री आवास योजना**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई**

पृ.क्र./प्रधानमंत्री आ.यो./मु.कार्या/अन्य/2025/ 277 भिलाई दिनांक – 25/6/2025

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।
2. नोडल अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ।

25/6/2025

**प्रभारी अधिकारी योजना**
**प्रधानमंत्री आवास योजना**
**नगर पालिक निगम,**
**भिलाई**

E:\PMAY 2022\Nutan\Letter & Notesheet\Normal Letter & Notesheet\Nutan New Letter Folder.docx